

दिवंगत पत्रकार महेश जोशी के परिजनों से मुलाकात करते हुए सीएम।

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने दिवंगत पत्रकार महेश जोशी के परिजनों से मुलाकात की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित कार्यक्रम के बाद दिवंगत पत्रकार महेश जोशी जी के परिजनों से उनके घर पर जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पत्रकार के परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं दिवंगत पत्रकार सम्बंधी पत्रावली जल्द प्रेषित की जाएँ।

### उच्च हिमालयी क्षेत्र के गांव बर्फ से लकदक

**संवाददाता** देहरादून। पिछले दिनों हुई बर्फबारी से उच्च हिमालयी क्षेत्र के गांव बर्फ से लकदक हो गए हैं। जिससे मैदानी और पहाड़ी इलाकों में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को राजधानी देहरादून में सुबह चटख धूप खिली। हालांकि बाद में बादलों ने पहरा डाल दिया। धूप और बादलों की बीच लुका छिपी जारी रही। वहीं शाम को शीतलहर ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। वहीं ऋषिकेश गंगोत्री हाईवे पिछले दिनों हुई बर्फबारी की वजह से हर्षिल से आगे बंद पड़ा हुआ है। भारी बर्फबारी से बदरीनाथ हाईवे हनुमान चट्टी से आगे अवरुद्ध हो गया है।

### होम आइसोलेशन के बजाय दून चले गए संक्रमित पर्यटक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले में देवाल के ब्रह्मताल पहुंचे दो पर्यटकों का अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर उनकी एंटीजन जांच की गई। जांच में दोनों पॉजिटिव आए जिसके बाद दोनों को स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना किट देकर लोहाजंग में होम आइसोलेशन में रहने के लिए कहा था, लेकिन दोनों देहरादून के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम दोनों पर्यटकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए लोहाजंग पहुंची, लेकिन टीम के लोहाजंग पहुंचने से पहले ही दोनों संक्रमित पर्यटक देहरादून के लिए रवाना हो गए।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक और पार्क साथ मिलकर लाएंगे स्मार्ट पार्किंग समाधान

**संवाददाता** देहरादून। अपनी डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवाओं के समाधान की बढ़ती रेंज को आगे बढ़ाते हुए, भारत में अग्रणी फास्टैग जारीकर्ता एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने पार्क प्लस के साथ मिलकर कार्य करने की घोषणा की, इस गठबंधन के माध्यम से फास्टैग आधारित स्मार्ट पार्किंग समाधान देश भर में चिन्हित कॉमर्शियल और आवासीय जगहों के लिए पेश किया जाएगा। पार्क प्लस फास्टैग के माध्यम से पार्किंग स्थानों को स्वाचालित करने में मार्केट लीडर है और वर्तमान में भारत में अधिकांश फास्टैग पार्किंग लेनदेन पार्क प्लस सिस्टम के माध्यम से संसाधित किए जा रहे हैं।

# युवा विकास के वाहक, युवाओं के लिए हुए महत्वपूर्ण काम: सीएम

**कार्यक्रम**

■ सरकार के 05 साल 'नये इरादे–युवा सरकार' कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को खटीमा, ऊधमसिंह नगर में सरकार के 05 साल 'नये इरादे–युवा सरकार' प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में लगभग 74 करोड़ 32 लाख की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 41 करोड़ 45 लाख के शिलान्यास एवं 32 करोड़ 87 लाख की योजनाओं के लोकार्पण शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट एवं 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मोबाईल टैबलेट प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास के अनेक कार्य हो रहे हैं। पिछले पांच सालों में डबल इंजन की सरकार में जनहित में अनेक कार्य हुए हैं। सड़क कनेक्टिविटी, रेलवे कनेक्टिविटी एवं हवाई कनेक्टिविटी में तेजी से विस्तार हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं, लंबे समय से लंबित प्रकरणों एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केदारनाथ का पुनर्निर्माण किया गया है। बदरीनाथ में भी 250 करोड़ रूपये की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। भारतमाला श्रृंखला के अन्तर्गत भी अनेक सड़कों पर कार्य चल रहा है। पिछले पांच वर्षों में केन्द्र सरकार से राज्य के लिए एक लाख करोड़ रूपये से अधिक परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊधमसिंह नगर में लगभग 500 करोड़ की लागत से एम्स का सैटेलाईट सेंटर स्थापित किया जा रहा है। ऋषिकेष एम्स में प्रतिदिन हजारों लोगों का ईलाज हो रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह राज्य के लिए बड़ी सौगातें हैं। देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे बड़ी योजना आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। राज्य में अटल आयुष्मान योजना से लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुरक्षा कवच दिया गया है। टनकपुर–बागेश्वर रेललाईन के सर्वे के लिए भारत सरकार से सहमति मिल चुकी है। 2024 तक ऋषिकेश –कर्णप्रयाग रेल लाइन निर्माण का कार्य पूर्ण हो जायेगा। देहरादून एयरपोर्ट को अन्तरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट को भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए केन्द्र सरकार से राज्य को पूरा सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 06 माह पूर्व उन्हें राज्य के मुख्य सेवक की जिम्मेदारी दी गई। इन 06 माह में जनहित में 600 से अधिक निर्णय लिये गये। राज्य सरकार अन्त्योदय के सिद्धान्त पर कार्य कर रही है। समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य में सीमित संसाधन होने के बावजूद भी कोरोना काल में लोगों की परेशानियों को देखते हुए हर क्षेत्र में लोगों को राहत देने का कार्य किया गया। स्वास्थ्य, परिवहन, संस्कृति एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को राहत दी गई। प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को आयुसीमा में एक वर्ष की छूट दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मुख्य सेवक बनने के पद ही उनकी पहली कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि राज्य के विभिन्न विभागों में रिक्त सभी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगा। अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेजी से गतिमान हैं। पुलिस विभाग में भी 1734 पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। राज्य में नई खेल नीति लाई गई है।

### राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे पूरे प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए बोधिसत्व कार्यक्रम के माध्यम से विषय विशेषज्ञों एवं प्रबुद्धजनों के सुझाव लिये जा रहे हैं। सभी विभागों से अगले 10 साल का रोडमैप बनाया जा रहा है।

# सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता कर ली जाए सुनिश्चित

**बैठक**

■ मुख्य सचिव ने ली कोविड को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. सन्धु ने शुक्रवार को सचिवालय में कोविड हेतु नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने सभी नोडल अधिकारियों को एक्टिव रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होम आईसोलेशन और उससे संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को एक्टिव मोड में रखे जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत घर, स्कूल आदि के साथ ही उसमें दी जाने वाली सुविधाओं की समय रहते सुनिश्चित कर लिया जाए।

**ऐलोपैथी के साथ ही आयुष का भी किया जाए प्रचार-प्रसार**

मुख्य सचिव ने सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि पी.एच.सी. एवं सी.एच.सी. लेवल तक सभी आवश्यक उपकरण, दवाएं एवं अन्य सामग्री पूर्व में ही उचित मात्रा में उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने कहा कि कोविड की दूसरी लहर के मुकाबले प्रदेश में ऑक्सीजन की उपलब्धता बेहतर स्थिति में है। तीसरी लहर की सम्भावना को देखते हुए हमें हर सम्भव तैयारी करनी है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग द्वारा इम्यूनिटी बूस्ट करने हेतु किए गए कार्यों को लगातार जारी रखा जाए और इसका प्रचार–प्रसार भी किया जाए।

**जन-जागरूकता हेतु लगातार किया जाए प्रचार-प्रसारः** मुख्य सचिव ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन में जागरूकता हेतु लगातार प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी वीडियोज के माध्यम से आमजन को इसके प्रति सजग किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए स्थानीय भाषाओं में शॉर्ट वीडियोज के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाए। मुख्य सचिव ने मेडिकल इक्यूपमेंट डिस्ट्रीब्यूशन और ड्रग सप्लाई मैनेजमेंट से सम्बन्धित सभी तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

**थूकने और इधर-उधर कचरा फेंकने वालों के विरूद्ध चलाया जाए अभियान**

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेशभर में सफाई एवं सैनेटाईजर छिड़काव के लिए अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को सजग करने हेतु लगातार अनाउसमेंट की जाए। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों में मास्क न पहनने वालों के साथ ही थूकने और इधर–उधर कचरा फेंकने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई और चालान अभियान चलाए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

### शासन ने किए पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों के तबादलेः नेगी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शी चुनाव कराने की दिशा में दो दिन पहले मोर्चा द्वारा प्रदेश की अधिकांश नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों में वर्षों से कुंडली मारे बैठे अधिशासी अधिकारियों व अन्य अधिकारियों के तबादले को लेकर भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग से शिकायत की थी, जिसके क्रम में शासन ने कई अधिशासी अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं, जोकि मोर्चा की बहुत बड़ी जीत है। नेगी ने कहा कि नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों में कई अधिकारी अपनी प्रथम नियुक्ति से ही तैनात थे तथा यही हाल मैदानी क्षेत्रों की पालिकाओं में तैनात अधिशासी अधिकारी, कर निरीक्षक एवं सफाई निरीक्षकों आदि का था। एक ही स्थान पर वर्षों से जमे रहने के कारण इनके द्वारा राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते पारदर्शी चुनाव की परिकल्पना करना बेमानी सा प्रतीत हो रहा था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।